# भारत डायनामिक्स लिमिटेड
**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**
**निगम कार्यालय, गच्चीबाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/नि.-मा.सं.-नि.वा./06 दिनांक : 18 जून, 2021

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**सिकंदराबाद में करोना से लड़ने के लिए बीडीएल और भारतीय थल सेना साथ- साथ**

भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) एक रक्षा सार्वजनिक उपक्रम और भारतीय थल सेना ने सिकंदराबाद में कोरोना की रोकथाम के लिए हाथ मिलाया। इस दिशा में एक प्रयास सिकंदराबाद स्थित मिलिट्री अस्पताल में ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट की स्थापना की गई है।

बीडीएल ने सी एस आर पहल के तहत मिलट्री अस्पताल में 960 लीटर प्रति मिनट जनित करने की क्षमता वाली ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट की स्थापना की है, जो प्रतिदिन 170 से 220 सिलिंडर के बराबर है। इस अवसर पर आज मिलट्री अस्पताल में बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) और दक्षिण भारत एरिया के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल ए अरूण द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर तेलंगाना और आँध्रा सब एरिया के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल आर के सिंह, बीडीएल के निदेशक (वित्त) श्री एन श्रीनिवासुलू और बीडीएल और भारतीय थल सेना के वरिष्ट अधिकारी उपस्थित रहें।

इस ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट की एक महत्वपूर्ण विशेषता है वह यह है कि यदि किसी कारणवश विद्युत बंद हो जाने पर, यूनिट खराब होने पर भी इसमें सेकंडरी ऑक्सीजन सप्लाई करने की व्यवस्था है।

सी एस आर पहल के तहत इससे पूर्व भी बीडीएल ने कोविड महामारी को कम करने कई तरह के पहल की है। कुछ इस प्रकार है :

- आँध्रप्रदेश से विशाखापट्टणम,विजयनगरम और तेलंगाना के भूपालपल्ली और कोत्तगुडेम जैसे जिलों में कोविड जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा गया ।
- नयी दिल्ली में 1000 बेड्स वाली कोविड -19 स्पेशलाइजड अस्पताल निर्माण करने के लिए अंशदान दिया।
- लख़नऊ में अटल बिहारी बाजपायी कोविड-19 अस्पताल निर्माण करने के लिए अंशदान दिया।
- तेलंगाना में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, हैदराबाद के आयुक्त को 96 डीप फ्रीजर्स खरीद कर सौंपा गया।
- विशाखापट्टणम में विशाखापट्टणम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए योगदान दिये।

इस अवसर पर बीडीएल के सीएमडी ने कहा कि यह प्लांट जरूरत मंद लोगों के लिए उपयोगी होगा और समान क्षमता के चार ऑक्सीजन संयंत्रों में से पहला है। अन्य तीन कोंडापूर सरकारी जिला अस्पताल, किंग कोटी सरकारी जिला अस्पताल और ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज अस्पताल,

हैदराबाद में रखने की योजना बनायी है। उन्होंने यह भी कहा कि ये पहल आमतौर पर देश में और विशेष रूप से राज्य में कोविड-19 के खिलाफ लड़ने के लिए एक लंबी रास्ता तय करेंगी।





बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) और लेफ्टिनेंट जनरल ए अरूण, जीओसी, दक्षिण भारत क्षेत्र ने लेफ्टिनेंट जनरल आर के सिंह, जीओसी, तेलंगाना और आँध्रा उप क्षेत्र की उपस्थिति में मिलिट्री अस्पताल, सिकंदराबाद में ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट का उद्घाटन किया इस अवसर पर बीडीएल के निदेशक (वित्त) श्री श्रीनिवासुलू तथा बीडीएल और भारतीय थल सेना से वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहें।




बीडीएल द्वारा मिलट्री अस्पताल, सिकंदराबाद में ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट स्थापित किये।